आकाशवाणी शिमला
01.05.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

अनुराग ठाकुर

वरिष्ठ भाजपा नेता और केंद्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार का 10 वर्षों का ट्रैक रिकॉर्ड सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण का रहा है, जबकि इंडी गठबंधन का रिकॉर्ड भ्रष्टाचार व अत्याचार का रहा है। उन्होंने कांग्रेस को कन्फ्यूज़्ड और करप्ट पार्टी करार दिया है। अनुराग ठाकुर ने आज अयोध्या धाम पहुंचकर श्री राम लला के दर्शन किए और देशवासियों की सुख समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि आज की पीढ़ी सौभाग्यशाली है कि उनके जीवनकाल में 5 सौ वर्षों के संघर्ष के बाद श्रीराम लला को अपने धाम में विराजमान होते देखने का सौभाग्य मिला है। उन्होंने कहा कि विपक्ष राम को चाहे कितना ही नकारे लेकिन उनको प्रभु श्री राम के चरणों में आना ही पड़ेगा। अनुराग ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सदैव ओछी राजनीति करती है और जनता इनका असली चेहरा भली–भांति जानती है। केंद्रीय मंत्री ने दावा किया कि लोकसभा चुनावों में देश की जनता नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए तैयार है।

चुनावी सरगर्मियां

प्रदेश में आगामी लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव को लेकर चुनावी सरगर्मियां तेज़ हो गई है। भाजपा व कांग्रेस दोनों ही प्रमुख राजनैतिक दलों के नेता अपने–अपने प्रत्याशियों के पक्ष में चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं और आरोप–प्रत्यारोप का दौर भी जारी है। प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष नरेश चौहान ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी देश व प्रदेश के मुद्दों पर चुनाव लड़ेगी जबकि भाजपा जनता को मुद्दों से भटकाने में लगे हैं। शिमला में आज एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा ने प्रदेश में चुनी हुए सरकार को गिराने का जो प्रयास किया है, जनता इन चुनावों में भाजपा को इसका मुह तोड़ जवाब देगी। नरेश चौहान ने कहा कि प्रदेश सरकार ने पिछले 15 महीने के कार्यकाल में बेहतरीन कार्य किया है और 5 गारंटियों को पूरा कर लिया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार का दस वर्ष का कार्यकाल निराशाजनक रहा है और अब भाजपा नेता असली मुद्दों पर बात न करके धर्म व जाति की राजनीति कर रहे हैं।

रणधीर शर्मा

भाजपा के मीडिया प्रभारी व विधायक रणधीर शर्मा ने राज्य सरकार पर प्रदेश में चल रही केंद्र की परियोजनाओं में रौड़ा अटकाने का आरोप लगाया है। शिमला में आज एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भानुपल्ली से बरमाणा रेलवे लाइन के लिए केंद्र सरकार ने अभी तक चार हज़ार 9 सौ 38 करोड़ रूपए खर्च कर दिए हैं लेकिन प्रदेश सरकार ने इस परियोजना में अपने हिस्से की धनराशि अदा नहीं की है। रणधीर शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार ने बजट के अभाव से जनकल्याणकारी योजनाओं को बंद करने का षड़यंत्र रचा है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार ने आयुष्मान भारत योजना में भी अपनी 20 प्रतिशत देनदारी नहीं दी है, जिसका असर प्रदेश के चार लाख 33 हज़ार लोगों पर देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने हिमकेयर योजना में भी अपने हिस्से का बजट नहीं दिया। ऐसे में कई स्वास्थ्य संस्थानों ने हिमकेयर कार्ड स्वीकार करने से ही इंकार कर दिया है।

विक्रमादित्य

मंडी संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि भाजपा प्रत्याशी कंगना रणौत को न इतिहास का जानकारी है और न किसी तर्क की। आज शिमला में एक पत्रकार वार्ता के दौरान उन्होंने

कहा कि कंगना रणौत को मोदी जाप को छोड़कर मंडी के लिए अपने विज़न को लोगों के समक्ष रखना चाहिए। उन्होंने कंगना को मंडी के सेरीमंच पर खुली बहस की चुनौती देते हुए संसदीय क्षेत्र के लिए अपनी प्राथमिकताएं भी गिनाई। विक्रमादित्य सिंह ने रजवाड़ाशाही को लेकर कंगना द्वारा की जा रही बयानबाजी पर पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस से ज्यादा राजे–रजवाड़े आज भाजपा में शामिल हो चुके हैं। विक्रमादित्य सिंह ने दावा किया कि वे 9 मई को मंडी से अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे और कांग्रेस हिमाचल की चारों लोकसभा सीटों के साथ उपचुनाव में भी जीत दर्ज करेगी।

प्रचार भाजपा

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने आज नाहन विधानसभा क्षेत्र के कोलर में चुनाव प्रचार में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जब से प्रदेश में कांग्रेस सरकार सत्ता में आई है तब से विकास कार्य ठप्प पड़े हैं। बिंदल ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने लगभग 15 सौ संस्थानों को बंद रखने का काम किया जिस कारण प्रदेश की जनता त्रस्त है। उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने 16 महीने में प्रदेश को 25 हज़ार करोड़ के कर्ज तले दबा दिया है। बिंदल ने शिमला संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी सुरेश कश्यप को भारी मतो से विजयी बनाने का लोगों से आह्वान किया।